श्याम सहारा जन्मो का साथ हमारा

तू है मेरा श्याम संवारा संवारा श्याम तू मेरा
तू है मेरा श्याम संवारा तुझसे प्यारा कौन होगा
मेरे दिल में बस इक तू है तू है बस मेरे दिल में
मेरे दिल में प्यार संवारे तुझसे ज्यादा क्या होगा
श्याम सहारा जन्मो का साथ हमारा

आँखों में आंसू भर भर कर चाहत के दीप जलाए है,
हाथो में लेके निशान प्रभु तुम्हे दिल से मनाने आये है
सांसो के मोती चुन चुन कर तेरे गले का हार बनाया है
दुनिया भूली और सिर्फ तुझे तुझे ही मीत बनाया है
राजा तुम दिल के हमारे हारे के श्याम सारे,
राजा तुम दिल के हमारे तुम सा दानी क्या होगा,
श्याम सहारा जन्मो का साथ हमारा

तुम से मिलने की चाहत में दिल पागल पागल कर बैठे,
तपती इस धुप में श्याम प्रभु तेरे दर्शन करने आ बैठे,
तेरे नाम में ऐसे मस्त हुए जीने की चाहत भूल गए
तन मन सब आप को अर्पण है तेरे रस्ते पे ही चलते गये,
दिल में तुम बस गए प्यारे बस गए तुम दिल में हमारे
बस गये तुम दिल में हमारे तुम से बड कर क्या होगा
श्याम सहारा जन्मो का साथ हमारा

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/18029/title/shyam-sahara-janmo-ka-sath-hamara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |